# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर
**जवाहर लाल नेहरू मार्ग**

क्रमांक : परीक्षा 4–अ / परीक्षा–2024 /                                        दिनांकः

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत नियमित विद्यार्थियों की स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मई, 2024 (Held in July, 2024) के प्रवेश–पत्र (Admit Card) संबंधी सूचना**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के तहत विश्वविद्यालय की स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थियों की परीक्षायें **दिनांक 03 जुलाई, 2024** से प्रारम्भ हो रही है। स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा समय सारिणी (Time Table) विश्वविद्यालय वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर प्रसारित कर दी गयी है।

स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मई, 2024 (**Held in July, 2024**) के समस्त नियमित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके प्रवेश पत्र वेबसाईट erp.univraj.org एवं www.univraj.org पर दिनांक 28.06.2024 से उपलब्ध होंगे। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट से विद्यार्थी अपनी यूजर आई.डी. व पासवर्ड के माध्यम से दो प्रतियों में डाउनलोड करें, परीक्षार्थियों को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। दोनों प्रवेश पत्रों में निर्धारित स्थान पर परीक्षार्थी का फोटो उपलब्ध होना अनिवार्य है। फोटो ना होने की स्थिति में अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो प्रवेश पत्र पर लगाकर संबंधित प्राचार्य से प्रमाणित करवाना आवश्यक है। **साथ ही नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) की पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (40 प्रतिशत अंक) व न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अर्जित करना अनिवार्य है।** अतः परीक्षार्थी स्वयं के स्तर पर उपरोक्त योग्यता की सुनिश्चितता होने पर ही सम्मिलित हो। उक्त तथ्य को छुपाकर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की परीक्षा निरस्त मानी जावेगी।

डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी का व्यक्तिगत विवरण यथा– नाम, पिता का नाम, माता का नाम, परीक्षा का माध्यम इत्यादि का मिलान बोर्ड / विश्वविद्यालय के रिकार्ड के अनुसार आवश्यक रूप से करें। साथ ही परीक्षा में सम्मिलित होने की योग्यता एवं विषयों के चयन में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई जावे तो उसे सही करवाने हेतु नियमित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय से प्रार्थना पत्र अग्रेषित करवाकर परीक्षा प्रारम्भ की तिथि से दो दिवस पूर्व तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सम्पर्क करें:

**नोटः–**

1. **सम्बन्धित महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्रों की नियमानुसार पूर्ण जाँच कर विश्वविद्यालय पोर्टल पर सत्यापन करने के उपरान्त ही विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये जायेगें।**
2. **परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारम्भ होने के 20 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जायेगा। अतः परीक्षार्थी परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केन्द्र पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं।**
3. **परीक्षा सम्बन्धित समस्त सूचनाओं हेतु वेबसाईट www.uniraj.ac.in एवं www.univraj.org का निरन्तर अवलोकन करें।**

26.06.24

**परीक्षा नियंत्रक**

क्रमांक : परीक्षा 4–अ / परीक्षा–2024 /                                        दिनांकः

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त प्राचार्य / केन्द्राधीक्षक / निदेशक, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय / विभाग / पी.जी स्कूल्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि:–
   (I) उपरोक्तानुसार वेबसाईट से निकाले गए प्रवेश पत्रों को मान्य करें।
   (II) माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र / छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति तथा सतत् मूल्यांकन / मिडटर्म परीक्षा में सी–ग्रेड (न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक) होना अनिवार्य है। अतः सम्बन्धित प्राचार्य कम उपस्थिति व सतत् मूल्यांकन में 40 प्रतिशत से कम अंक वाले विद्यार्थियों की सूची रोल नम्बर सहित संबंधित परीक्षा केन्द्राधीक्षक को भेजें, ताकि ऐसे छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी। ऐसे छात्रों की सूची से विश्वविद्यालय को भी अवगत करायें। संबंधित महाविद्यालय द्वारा उपरोक्त शर्त की पालना नहीं करने पर महाविद्यालय के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सकती है।
2. समस्त प्राचार्य, संघटक / सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को सूचित कर लेख है कि महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषयों के डाटा का विश्वविद्यालय के ऑनलाईन डाटा से मिलान करें एवं किसी प्रकार की त्रुटि है तो परीक्षा से पूर्व विश्वविद्यालय रिकार्ड में दुरस्त करावें।
3. वित्त नियत्रंक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर निवेदन है कि परीक्षा–2024 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा हुई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर **Reconcile** करवाने का श्रम करें।
4. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को समाचार के रूप में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
6. निदेशक, छात्र परामर्श केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. उप कुलसचिव, संचालन शाखा / गोपनीय शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. निजी सचिव–कुलपति / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
9. सहायक कुलसचिव / अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा / गोपनीय शाखा / विविध शाखा / छात्र सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
10. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि संबंधित सूचना महाविद्यालयों के परीक्षा पोर्टल एवं ई–मेल आई.डी. पर भिजवाने का श्रम करें।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा–4)**